09/07/2022, 11:42 about:blank

an>

Title: Issue regarding renovation,extension and modernisation of Chaangsaari Railway Station.

श्रीमती क्वीन ओझा (**गौहाटी**): अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी आभारी हूँ कि आपने मुझे शून्यकाल के अंतर्गत अतिलोक महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का अवसर प्रदान किया है ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री और भारत सरकार का ध्यान चांगसारी रेलवे स्टेशन की ओर दिलाना चाहती हूँ । चांगसारी रेलवे स्टेशन का नवीनीकरण, विस्तार और **आ**धुनिकीकरण किए जाने की आवश्यकता है । क्योंकि आने वाले समय में गौहाटी अखिल भारतीय आयुष विज्ञान संस्था, एम्स जल्दी ही बन कर तैयार होने वाला है, जिससे असम और अन्य क्षेत्रों से आने वाले, नॉर्थ-ईस्ट से आने वाले रोगियों का चांगसारी रेलवे स्टेशन से गुवाहटी एम्स जल्दी पहुंच सकते हैं । अत: मेरा सदन के माध्यम से माननीय रेल मंत्री, भारत सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र गुवाहटी के चांगसारी रेलवे स्टेशन का नवीनीकरण, विस्तार और आधुनिकीकरण शीघ्र ही करने का कष्ट करें, जिससे आने वाले समय में इसका लाभ जनहित में रोगियों को प्राप्त हो सके ।